# 'शिक्षक एक शिल्पकार की भांति योग्यतम शिष्य गढ़ते हुए उन्नति के मार्ग पर ले जायें'

■ दो दिवसीय जिला शैक्षिक अधिवेशन शुरू हुआ



राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय जिला शैक्षिक अधिवेशन का शुभारंभ हुआ।

**छबड़ा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय जिला शैक्षिक अधिवेशन का मंगलवार से सीनियर विद्यालय में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान हरिओम नागर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष केसी जैन मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक सीबीईओ बाबूलाल, जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, वार्ड पार्षद सत्यनारायण मीणा आदि रहे।

यहां जिलामंत्री बृजगोविंद टेलर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिला व सभी ब्लॉक स्तर पर शिक्षक समस्याओ के निराकरण के लिए किए गए प्रयासों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कोरोनाकाल में संघठन के सामाजिक हितार्थ किये गए कार्यों, नेत्र शिविरों, रक्तदान शिविरों के आयोजन जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता संघ चालक राजेंद्र शर्मा ने यहां शिक्षकों से अपने पूर्ण सामर्थ्य भाव से बच्चों को शिक्षित करने व समाज की शिक्षक के प्रति अपेक्षाओं के लिए सजग भूमिका निर्वहन करने का आव्हान किया। पालिकाध्यक्ष जैन ने शिक्षकों को एक शिल्पकार की भांति योग्यतम शिष्य गढ़ते हुए उनको उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष महावीर मीना ने शिक्षकों से कराए जा रहे गैर शैक्षणिक कार्यों के कारण शिक्षण व्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर ध्यान आकृष्ट किया। जिला संघठन मंत्री रामकिशन नागर, जिला महिला उपाध्यक्ष अनुराधा शर्मा व उपशाखा अध्यक्ष बिठ्ठल मीना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष हरिप्रकाश मीणा ने किया। सहसंयोजक रामस्वरूप भार्गव व छीतरलाल बैरवा ने सभी आगंतुक अतिथियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिलामंत्री राजेंद्र गोचर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमबिहारी मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिप्रकाश मीणा, जिला महिला संगठन मंत्री अनुराधा शर्मा, उपशाखा बारां अध्यक्ष हरिओम शर्मा, किशनगंज अध्यक्ष मंत्री रमेशचंद्र मेघवाल, शाहबाद अध्यक्ष बारेलाल मेहता, मांगरोल अध्यक्ष महावीर मालव, अंता अध्यक्ष जोधराज सुमन, छबड़ा मंत्री धर्मराज मेघवाल, महिला मंत्री शकुंतला मादावत, कोशाध्यक्ष बद्रीलाल मेहता, छीपाबडौद अध्यक्ष धनराज सुमन सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## दोषियों को सजा दिलाने की मांग

**बून्दी।** एलएचवी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश महामंत्री नफीसा बानो के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताल चिड़ी दोसा की एएनएम बिना शर्मा के आत्महत्या के दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर आज एलएचवी एएनएम संघ ने जिला कलेक्टर ,जिला पुलिस अधीक्षक और सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है तालचिड़ी की एएनएम बिना शर्मा के आत्म हत्या के दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध सीट कमेटी द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। स्वर्गीय बिना शर्मा के परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा मैं तुरंत प्रभाव से लगाया जाए बिना शर्मा के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख की मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि बिना शर्मा के दोषी अधिकारियों कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं जांच पश्चात दोषियों को सेवा से बर्खास्त किया। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री सोनाली गुप्ता ,दीप कंवर ,सरोजनी , रेशमा परवीन , राजकरन्ता ,शाइन अख्तर ,शबनम आरा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली



**छबड़ा, (निसं)।** महाराज अग्रसेन की जयंती समाज बंधुओं ने हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई। सर्वप्रथम सुबह लक्ष्मीनाथजी के मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वही, बैंडबाजों के साथ आजाद सर्किल से अग्रवाल धर्मशाला तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल युवा हाथों में ध्वज पताका लिए चल रहे थे। शोभायात्रा में विशेष ड्रेस कोड के साथ सजी महिलाओं ने नृत्य किया। अग्रवाल धर्मशाला पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में एसबीआई बैंक के प्रबंधक चंदन बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अध्यक्षता बिट्ठलदास गुप्ता द्वारा की गई। यहां अग्रसेन महोत्सव में विजेताओं व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। महिला जागरूक मंडल की अध्यक्ष आशा हरिप्रकाश गर्ग, उर्मिला मित्तल, पूजा गोयल, सुधा गोयल, राजेश्वरी गोयल, सुनीता गोयल आदि मौजूद रही।

### अंता में रामलीला का शुभारंभ



**अंता, (निसं)।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगरपालिका अंता के सहयोग से श्री राम कला मण्डल अंता द्वारा रामलीला का शुभारंभ नारद मोह व राम जन्मोत्सव की लीला का मंचन से हुआ। रामलीला के उद्घाटन समारोह में अंता नगर पालिका अध्यक्ष मुस्तफा खान, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मीणा, पंचायत समिति डारेक्टर नरेंद्र नंदवाना, जिला कांग्रेस महासचिव ललित गालव, वार्ड पार्षद संतोष गालव, मनोनित वार्ड पार्षद दुर्गाशंकर यादव आदि ने फीता काट कर रामलीला का शुभारंभ किया। गणेश आरती की गई पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत मण्डल अध्यक्ष हरीश भंडारी के नेतृत्व में माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट किए गए गए। श्रीराम कला मण्डल के डायरेक्टर बाबूलाल मालव, संचालक त्रिलोक शर्मा, व्यास भंवर दाधीच कोषाध्यक्ष धनराज चौरसिया, गोविंद सोनी आदि सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए। रामलीला की शुरुआत करते हुए नारद मोह और रामजन्म का मंचन किया।

### एसपी ने बच्चों से संवाद किया




**बूंदी, (निसं)।** बाल अपराध को रोकने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा शुरू किये गये सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिले में पहली बार जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने मंगलवार को बच्चों के साथ संवाद किया। जो कि अनोखी पहल है, इससे बच्चों में पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच बनेगी। सेंट पॉल स्कूल के बच्चों ने बच्चों की सुरक्षा से संबंधित पूछे सवाल और पुलिस अधीक्षक ने सहजता से क़ानून के अनुसार दिए जवाब। सेंट पॉल स्कूल में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चाइल्ड राइट्स क्लब का गठन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक एवं बूंदी पुलिस की आर से अभिनव पहल मिशन सुरक्षित बचपन कार्यक्रम यूनिसेफ व एक्शनएड संस्था के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को सेंट पॉल स्कूल बून्दी में जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले सेंट पॉल स्कूल की प्रिंसिपल एवं फादर द्वारा अतिथियों को पौधे भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया। उसके बाद एक्शनएड के जोनल कोऑर्डिनेटर मांगीलाल शेखर ने मंच संचालित करते हुए मिशन सुरक्षित बचपन के उदेश्य बताये। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पौद्दार व सदस्य छुट्टनलाल शर्मा ने बाल कल्याण समिति की भूमिका बताई।

### हरीशन्द्र सिंह जयन्ती समारोह सम्पन्न

**झालावाड़।** स्थानीय हरिश्चन्द्र राजपूत छात्रावास में राजपूत समाज के 28वां वार्षिक उत्सव पूर्व नरेश हरिश्चन्द्र सिंह 102वीं जयन्ती के रूप में मनााय गया। जिसमें झालावाड़ जिले के बहुत अधिक संख्या में महिला एवं पुरूषों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार के पुरस्कारों को प्रदान किये गये प्रथम रहे बच्चों को 11000 रुपयेऔर द्वितीय स्थान पर रहे बच्चों को 5100 रू. और मोमेन्टों प्रदान किये गये। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के पुरस्कार भी समाज की महिलाओं को प्रदान किये गये। समिति के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह झाला ने छात्रावास में किये गये वर्ष पर्यन्त कार्यो एवं छात्रावस की आय बढ़ाने की जरूरत बताते हुये सतत् प्रयास करने की जरूरत बताई। मुख्य अतिथि राण विक्रम सिंह जी ने समाज में व्याप्त मृत्युभोज और दहेज प्रथा बन्द करने का संकल्प दिलाया, अध्यक्ष रायसिंह मोजावत ने समाज के बालकों को हर क्षेत्र में आगे आने का आव्हान किया। विशिष्ठ अतिथि भावना झाला ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया और सभापति प्रदीप सिंह राजावत ने विकास के क्षेत्र में हर आदमी को आगे आने की जरूरत बतायी। आभार वीरेन्द्र सिंह कितावत द्वारा दिया गया। इस अवसर पर नितिन सिंह झाला, युवराज सिंह हाड़ा, सत्येन्द्र सिंह हाड़ा, विक्रम सिंह पंवार, जयदीप सिंह झाला, भूपेन्द्र सिंह गौतम, दुर्गेश सिंह राजावत, सौदान सिंह झाला, शुभेन्द्र सिंह हाड़ा ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### प्रीति कुमारी ने पदभार किया

**बून्दी।** भारत स्काउट गाइड के सर्किल ऑर्गेनाइजर पद पर कोटा मंडल मुख्यालय से प्रीति कुमारी का स्थानांतरण किया गया है। राज्य मुख्यालय जयपुर के स्थानांतरण आदेश द्वारा गिरिराज गर्ग को बून्दी जिला मुख्यालय से टोंक जिला मुख्यालय लगाया गया है। आदेश की पालना में प्रीति कुमारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। सीओ पदभार ग्रहण करने पर शिक्षा विभाग को स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने प्रीति कुमारी को बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के बाद सीओ प्रीति ने कहा कि नियमित स्काउट गाइड गतिविधियों के साथ गाइडिंग के विकास व राष्ट्रीय जंबूरी में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी प्राथमिकता रहेगी।


प्रीति कुमारी।

### रैली निकाल जागरूक किया

**छबड़ा, (निसं)।** जनसेवा अभियान के अंतर्गत मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत मंगलवार को नगर पालिका के तत्वावधान मे निकाली गई जनजागरूकता रैली को पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां स्कूली बच्चों द्वारा आमजन को स्वच्छता के प्रति व पॉलिथीन रोकथाम आदि के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर ईओ हेमेंद्र कुमार सहित पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### खेल मैदान में ट्रेक निर्माण की मांग

**छबड़ा, (निसं)।** अमरचंद बरड़िया महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष ने विधायक को पत्र प्रेषित कर खेल मैदान में खिलाड़ियों के हित में ट्रेक आदि निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की हैं। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने पालिकाध्यक्ष को पत्र प्रेशित कर खेल मैदान में निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। छात्रसंघ अध्यक्ष रवि शर्मा ने बताया कि खेल मैदान बदहाल हालत में हैं। मैदान की कमी से जूझ रहे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए भटकना पड़ रहा हैं। केंद्र सरकार द्वारा अगले माह मे अग्निवीर योजना के तहत युवाओ की भर्ती की जाएगी और युवाओं को इस तैयारी के लिए खेल मैदान में 400 मीटर ट्रेक की आवश्यकता हैं। ट्रेक निर्माण के साथ 4 बीम एवं पेयजल की भी यहां व्यवस्था की जाए। छात्रों ने पालिका पहुंचकर पालिकाध्यक्ष को भी इस समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर आकाश मीणा, मनीश शर्मा, विजय चतुर्वेदी, दीपक शर्मा, राजा शर्मा, रॉयल डिफेंस एकेडमी फिजिकल ट्रेनर प्रीतम लोधा, जावेद अली, मोनू वैष्णव, अंकित पांचाल, अंकित भील, हेमराज लोधा, कुलदीप साहू, रोहित मीना आदि मौजूद रहे।

### ब्लड व हीमोग्लोबिन की जांच

**छबड़ा, (निसं)।** नवरात्रि के अवसर पर इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में कन्याओं का ब्लड व हीमोग्लोबिन टेस्ट करवाया गया। क्लब अध्यक्ष निहारिका गगरानी ने बताया कि टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद कमजोर बच्चों का उचित उपचार करवाया जाएगा। सदस्य डॉ. कल्पना बरड़िया ने बच्चों से आयरन के लिए प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में गुड़ खाने के प्रेरित किया। यहां बच्चों को केला और बिस्किट वितरित किए गए। इस मौके पर चार्टर प्रेसिडेंट डोली जैन, क्लब कोऑर्डिनेटर पल्लवी जैन, एकता शर्मा आदि उपस्थित रही। सचिव अर्चना गगरानी के अनुसार 2, 3, 4 अक्टूबर को अंबेडकर सामुदायिक भवन में गरबा नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। महिलाएं व युवतियां तैयारियों में उत्साह के साथ जुट गई है।

### पंचायत सहायकों ने ज्ञापन दिया

**छबड़ा, (निसं)।** पंचायत सहायकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार मीणा, उपाध्यक्ष परमजीत चौधरी के अनुसार ज्ञापन में पंचायतों में शीघ्र भुगतान किए जाने, राजकीय कार्य से ग्राम पंचायत सहायक को यात्रा करने पर यात्रा का वास्तविक व्यय मानदेय दिए जाने, पंचायत सहायक को प्रधानमंत्री आवास और स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय जियो टेकिंग की राशि का भुगतान राज्य सरकार के अनुसार दिए जाने आदि की मांग की। इस अवसर पर मनमोहन अहीर, सुरेश मालव, रामेश्वर धनोरिया, चंद्रमोहन कमल मीना, महेंद्र भार्गव, भंवरसिंह मीना, पदम गालव, जगमोहन, ग्यारसीराम, युवराज देवकरण मीना, अरविंद मीना, चंद्रमोहन, पवन आदि मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**बून्दी ,(निसं)।** शहर के जवाहर कॉलोनी मालनमासी बालाजी के पीछे रहने वाले छोटूलाल सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को सामान्य चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परिवार के सदस्य पप्पूलाल सैनी व सत्यनारायण सैनी ने बताया कि फिजूलखर्ची नहीं करते हुए पिताजी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसके चलते किसी का जीवन बच सके। शिविर की शुरुआत सदर थाने के थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज, यातायात प्रभारी सत्यनारायण गुर्जर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कुलवीर सिंह राजावत व शुभचिंतकों एवं परिचितों द्वारा स्व.छोटूलाल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि के साथ की गई। इस दौरान ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. ऋषि कछावा, रामदयाल शर्मा, नारायण सिंह हाडा, अरविंद त्रिवेदी, विमला गुर्जर, मानव सेवा समिति से जुड़े राजेश खोईवाल, ब्लड डोनर नर्सिंग ऑफिसर रामलक्ष्मण मीणा, अमर सैनी, अभय सैनी, सोमेश सैनी, तरुण, अभिषेक, शिवम सैनी आदि साथ रहे।

# मांगों को लेकर किसानों का धरना 73 वें दिन भी जारी


धरना स्थल पर किसानों ने शहीद भगत सिंह की 115 वीं जयंती मनाई।

**इटावा, (निसं)।** भुगतान की मांग को लेकर किसानों का बेमियादी धरना 73 वें दिन भी जारी रहा। वहीं शहीदे आजम भगत सिंह की धरना स्थल पर 115 वीं जयंती मनाई।

संयोजक गजानंद गौड ने बताया कि भुगतान की मांग को लेकर धरना लगातार जारी है और आज संघर्ष समिति अध्यक्ष मुरलीधर मीणा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने किसान सभा जिला अध्यक्ष दुलीचंद बोरदा के नेतृत्व में कोटा पहुंच कर जल्द भुगतान करने की मांग को लेकर जिला जिला कलेक्टर कोटा और उपखण्ड अधिकारी लाडपुरा को ज्ञापन दिया गया।

तहसील सचिव कमल बागड़ी ने बताया आज धरना स्थल पर हमारे देश की आजादी के दीवाने शहीदे आजम भगत सिंह की 115 वी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार गोष्ठी की गई विचार गोष्ठी से पूर्व सभी साथियों ने जुलूस के रूप में प्रतिमा स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटावा पहुंचकर नारों के साथ शहीदे आजम भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व क्रांति की ज्योति जलाई। जिसके बाद सभी किसान मजदूर नोजवान साथियों ने कृषि उपजमंडी इटावा में 1 बजे धरना स्थल पर भगतसिंह की जीवनी पर विचार गोष्ठी रखी गई। जिसमे माकपा तहसील सचिव मुकुट बिहारी जंगम, महेंद्र सुमन, देवीशंकर महावर, कमल बागड़ी, गजानंद गौड़, मुरारी लाल बैरवा, रमेश चंद महावर, भवानीशंकर कुशवाह ने अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि आज उनकी जयंती पर सभी किसान मजदूर नौजवान साथियों ने संकल्प लिया कि जो मंडी के अंदर किसानों का शोषण हुआ है उस शोषण के खिलाफ और उनको हक दिलाने तक हमारा यह संघर्ष और लड़ाई अंतिम निर्णय तक जारी रहेगी। धरने पर धनराज महावर, बजरंग लाल मीणा, हंसराज मीणा, डी के मल्होत्रा, रामकुवार महावर, सूरजमल बैरवा, बाबूलाल सेन, सुरेशकुमार, भवानीशंकर, सुमन राजू गौड सहित कई किसान मजदूर व नौजवान उपस्थित रहे।

# 'कांग्रेस सरकार को शीघ्र बर्खास्त कराकर राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये'

■ आम जनता कुर्सी की लोभी नकारा कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार : सांसद जोशी

■ सेवा पखवाड़ा के तहत गायों को खिलाया चारा व औषधीय लड्डू

**कोटा, (निसं)।** कोटा प्रवास पर आये भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, कोटा संभाग संगठन प्रभारी तथा चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी का जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी सहित पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर व पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। सांसद सीपी जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत अनेकों सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कोटा शहर में आज सेवा

पखवाड़ा के तहत जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी सहित पदाधिकारियों ने गोदावरी धाम पर बालाजी महाराज के दर्शन किये। इसके पश्चात गोदावरी धाम पर गौशाला में गायों को हरा चारा तथा लंपी रोग से बचाव के लिए औषधीय लड्डू खिलाए। सेवा पखवाड़ा के तहत आत्म निर्भर भारत, वोकल फोर लोकल के तहत खादी ग्रामोद्योग भण्डार कोटा से सांसद सीपी जोशी तथा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री जगदीश जिन्दल, मुकेश विजय, चंद्र शेखर नरवाल, उपाध्यक्ष नेता खण्डेलवाल, लक्ष्मण सिंह खिंची आदि पदाधिकारियों ने भारत देश में बने उत्पादों को प्रोत्साहन स्वरुप खरीददारी की।

सांसद सीपी जोशी ने बताया कि राजस्थान में पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी कुर्सी बचाने के लिए विधायकों सहित होटलों में बैठे रहे, जनता कोरोनाकाल में परेशान होती रही, उस समय भी कांग्रेस सरकार ने आमजनता की सुध नहीं ली। आज भी कुर्सी के लोभ में कांग्रेस विधायकों ने अपने इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिये फिर भी सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं, मंत्री ट्रांसफर लिस्ट जारी करवा रहे हैं। इधर राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त पड़ी है। गायें लंपी महामारी से ग्रसित हैं। आज भाजपा के कार्यकर्ता ही गायों की सेवा, चारा डालना, औषधीय लड्डू खिलाने का कार्य कर रहे हैं। राजस्थान की जनता को झूठ बोलकर, झूठे वादे करके कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की सत्ता को हासिल किया है। आमजनता से किये वादे पूरे नहीं किये, नवयुवाओं को रोजगार देने का वायदा, किसानों को कर्ज माफी का वायदा सभी झूठ के पुलिंदे निकले। राजस्थान की जनता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है।

सांसद सीपी जोशी ने बताया कि राजस्थान की कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। अपराधी बेखोफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे है। महिलाओं पर अत्याचार के मामले बढ़े। आये दिन लूटखसोट, चोरी, डकेती, के मामले बढे। महिलायें, आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। राजस्थान की जनता कांग्रेस के कुशासन से परेशान हो चुकी है। जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में आम जनता इस नाकारा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान राज्यपाल से आग्रह करती है कि वर्तमान में कांग्रेस सरकार के विधायकों ने अपने इस्तीफे दे दिये है। सरकार नाम की चीज नहीं बची। शीघ्र कांग्रेस सरकार को बर्खास्त कराकर, राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सांसद सीपी जोशी, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, रितेश चित्तौड़ा, नेता खंडेलवाल, देवेन्द्र राही, संतोष बैरवा, जिला मंत्री हरिहर गौतम, रेखा खेलवाल, सीमा भारद्वाज, गोपाल कृष्ण सोनी, सोशल मिडिया संयोजक सार्थक शर्मा, सहसंयोजक हिमांशु सैनी, मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, अनिल शर्मा, मण्डल संयोजक पंकज वात्स्य, महामंत्री दीपक जैन, जय प्रकाश शर्मा, शिव कुमार गौतम, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हजरत इमाम हुसैन की याद में 40वें के मोहर्रम निकाले


मोहर्रम का जूलुस देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

**इटावा, (निसं)।** हजरत इमाम हुसैन की याद में इटावा नगर में मंगलवार को 40वें के मोहर्रम निकाले गए। मोहर्रम का जुलूस देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकालने के बाद रात को ताजियों को नदी पर ले जाया गया, जहां कर्बला में ताजिए ठंडे किए गए।

इटावा नगर में मंगलवार को मातमी धुनों के साथ चालीसवें के मोहर्रम का जुलूस पुरानी जामा मस्जिद से शुरु हुआ जो पानी कि टंकी होते हुऐ पुराना बाजार से रामलीला मैदान होते मुख्य बाजार पहुंचा। जुलूस में गंगा जमुना तहज़ीब की झलक दिखाई दी। अखाड़े की गाड़ी पर तिरंगे लगे हुए थे जुलूस का जगह जगह स्वागत किया। पुराना बाजार में कई जगह हिंदू भाइयों ने छबीली सजाई। जुलूस में मानपुर मध्यप्रदेश से मुस्लिम समाज के लोग भी अपने बाजों के साथ शामिल रहे। जुलूस में खातोली, पीपल्दा, गेता, अयाना, पंडोला, सुल्तानपुर, मांगरोल व अन्य कस्बे से भी मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की जिनका लाइसेंसदार अशफ़ाक पठान के नेतृत्व में इटावा मोहर्रम कमेटी ने साफा बंधवाकर स्वागत किया। जुलूस में अशफ़ाक पठान, नौशाद अंसारी, अन्नू अंसारी, शब्बीर भाई, रियासत पठान ने उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, डीएसपी, थानाधिकारी व पूर्व सदर गुल्लू भाई,सदर शहजाद दीवान, शहरकाजी इकबाल मौलाना, सलीम पठान का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। जुलूस में मुस्लिम नौजवानों ने अखाड़े के हैरतअंगेज करतब दिखाए। जुलूस में लाइसेंसदार अशफ़ाक भाई पठान, सुन्नत जमात सदर शहज़ाद दीवान, अखाड़े उस्ताद रज्जाक अंसारी, पूर्व सदर गुल्लू भाई, हयात खान पठान, असफाक सोनी, लियाकत रंगरेज असफाक शेख, खादिम ईदू बाबा, आसिफ लुहार, युनुस लुहार, आशिक लुहार, फजरू लुहार, सादिक पठान, आफताब, शरफराज, नासिर अंसारी, मुकीम, मासूम, आरिफ, असद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 'मानस' कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच पहुंचे कलेक्टर

**बून्दी।** विद्यार्थियों में तनाव व अवसाद दूर करने, नैतिक शिक्षा, सामाजिक समरसता, करियर निर्देशन, आत्मबल प्रदान करने तथा उन्हें मादक पदार्थो से दूर रखने के उद्देश्य से जिले के महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में 'मानस' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को इमानुएल स्कूल में 'मानस' कार्यक्रम आयोजित कर 9वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने की कला सिखाई गई। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी भी कार्यक्रम में बच्चों के बीच पहुंचे।

यहां उन्होंने बच्चों से उनकी समस्याएं और उनके प्रश्न कागज पर लिखवाए। विद्यार्थियों ने जिला कलक्टर से सफलता के सूत्र, एकाग्रता, बून्दी के विकास, खेलकूद सुविधा विकास आदि के सम्बन्ध में सवाल पूछे, जिनका उन्होंने जवाब देकर बच्चों की जिज्ञासाओं को शान्त किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर करतार सिंह ने छात्राओं को प्रेरणास्पद उद्बोधन देते हुए बताया कि वर्तमान में छात्र जीवन अभिभावकों की महत्वाकांक्षाओं के कारण भी तनावग्रस्त हो गया। इसलिए नियमित योग प्राणायाम, मेडिटेशन, व्यायाम आदि द्वारा शरीर स्वस्थ रखते हुए नियमित रूप से अध्ययन करें। विद्यार्थियों में प्रतिभाओं के क्षेत्र अलग-अलग होते है।

क्षमता व रूचि के अनुसार क्षेत्र चुनकर निरन्तर उसी लक्ष्य पर कार्य करें तो सफलता निश्चित प्राप्त होगी।हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेन्टर जोनल कॉर्डनेटर सौरभ मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के प्रारम्भ में मोटिवेशनल व्याख्यान देकर बच्चों को अत्यधिक मोबाइल उपयोग से बचने व अपनी क्षमताओं को पहचानने पर जोर दिया। हार्टफुलनेस मेडिटेशन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि वर्तमान में तनाव जीवन का आम हिस्सा बन चुका है। नकारात्मक सोच के कारण तनाव उत्पन्न होता है। विद्यार्थियों में तनाव के कारण चिडचिड़ापन, आलस्य, अनिद्रा आदि लक्षण उत्पन्न होते है। अत: विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचान कर रूचि के अनुसार नियमित अध्ययन करना चाहिए। नियमित रूप से मेडिटेशन करने से तनाव दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर चांदनी वरयानी व नीलू राजानी ने हार्टफुलनेस मेडिटेशन व रिलेक्सैशन करवाया।